## Press Clippings


Publication : Navbharat (Mumbai Plus)
Edition : Mumbai
Date : Monday, April 25, 2016
Page No. : 3


# ऑनलाइन म्यूजियम का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता

मुंबई. स्टैम्प्स, सिक्के और करेंसी नोटों के माध्यम से हम अपने इतिहास को बखूबी जान सकते हैं. ऑन लाइन म्यूजियम के माध्यम से इन सबकी जानकारी उपलब्ध करने वाले 'मिंटेज वर्ल्ड ' और 'शुक्ल डे' संस्थाओं को मैं धन्यवाद देना चाहूंगा', मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने ऑनलाइन म्युज़ियम का उद्घाटन करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए.

## मुख्यमंत्री ने की शुरुआत

'मिंटेज वर्ल्ड और शुल्क डे संस्था की ओर से शुरू किये गए ऑनलाइन म्युज़ियम का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि मुझे इतिहास जानना, समझना पसंद है. इस ऑनलाइन म्यूजियम के माध्यम से मेरी इस इच्छा की पूर्ति बड़े ही आसानी से हो जाएगी. इतिहास को जानने के लिए उस समय के स्टैम्प, सिक्के एवं करेंसी नोट काफी मददगार साबित होते हैं. इस साईट के माध्यम से अब कोई भी व्यक्ति अपनी ऐतिहासिक चीजों को आसानी से बड़े पैमाने पर प्रदर्शित कर सकेगा.

इस मौके पर मिंटेज वर्ल्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा कि, ₹ youth.www.mintage-world.com दुनिया का पहला ऑनलाइन म्युजयिम है. इस ऑनलाइन पर कोई भी व्यक्ति अपने पास रखे ऐतिहासिक सिक्के, स्टैम्प्स और करेंसी नोटों को न सिर्फ प्रदर्शित कर सकेगा अपितु खरीद फरोख्त भी कर सकेगा.